आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.2 °c | 21.7 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.17 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.27 बजे | |



## मौसम : झारखंड में बारिश से कई जगहों पर भारी नुकसान, राजभवन के पास पेड़ की डाली गिरने से कई घायल

# रामगढ़ में कार-स्कूटी सवार बहे, रांची में सैकड़ों पेड़ गिरे, बिजली ठप

पहाड़ी नदी के उफान में बह गयी स्कूटी और कार

महिला-पुरुष का शव बरामद, कई और लोगों के बह जाने की आशंका, तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड में भारी बारिश से कई जगहों पर भारी तबाही हुई है। कई लोगों की जानें भी गयी हैं। पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त है। झारखंड में रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड स्थित बासल थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के समीप 19 अगस्त की देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। यहां पहाड़ी नदी में अचानक आये उफान में इंट्रीविटी रिसॉर्ट्स के समीप खड़ी आल्टो कार और स्कूटी बह गयी। 20 अगस्त की सुबह घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर एक महिला और पुरुष का शव मिला है। आशंका है कि बाढ़ में कुछ और लोग बहे हैं, जिनकी तलाश चल रही है। बताते चलें कि पतरातू लेक रिसॉर्ट और हालिया दिनों में बनी इंट्रीविटी रिसोर्ट के समीप लोग अकसर पिकनिक-पार्टी के लिए जुटते हैं। इसमें काफी संख्या में कई जगहों के लोग भी होते हैं। शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की छुट्टी होने की वजह से रिसॉर्ट्स के आसपास काफी संख्या में लोग जुटे थे। पतरातू पुलिस और स्थानीय लोग राहत कार्य चला रहे है। क्षेत्र में चर्चा है कि तीन वाहनों के पानी में बहने से 6 से 8 लोग पानी में बह गये हैं।

इधर पतरातू थाना पुलिस ने दोनों मृतकों की पहचान कर ली है। दोनों ही डॉक्टर हैं। इनका नाम डॉ देवाशीष रॉबिंसन तिग्गा और डॉ स्मृति गाड़ी है। दोनों की शादी होनेवाली थी। अल्टो कार से पतरातू डैम घूमने आये थे। कार पर सवार अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में कर लिया है। मृतक के पाकेट से पुलिस को अल्टो कार की चाबी मिली है। इससे संभावना व्यक्त की गयी कि वह कार का चालक था। कार में ही महिला भी सवार थीं। ग्रामीणों के अनुसार कार में तीन-चार लोग सवार थे। सुबह को कार सवार लोगों को डैम के आसपास देखा गया था। इस दौरान डैम के आसपास बाइक पर एक युवक-युवती भी घूम रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पानी के तेज बहाव में कार और बाइक सवार दोनों ही बह गये। कार रांची जिले के कांके सिमरटोली की बतायी जा रही है।



रामगढ़ में नदी में बही कार निकालते लोग और बरामद शव। (नीचे)



## बारिश ने बिगाड़ा रिम्स का हाल : दो दर्जन पेड़ गिरे, 11000 बोल्ट के तार क्षतिग्रस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लगातार हो रही बारिश से झारखंड की राजधानी रांची समेत सभी जिले में जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तर-पश्चिम और उससे सटे उत्तर-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में दबाव के कारण शुक्रवार से झारखंड में बारिश हो रही है। वहीं शनिवार को हुई बारिश रिम्स में भरती मरीजों के लिए आफत लेकर आयी। रिम्स परिसर के अंदर दो दर्जन पेड़ गिर गये हैं। वहीं कई ऐसे पेड़ भी हैं, जिनकी टहनियां टूट कर सड़कों पर गिर गयी हैं। पेड़ के गिरने के कारण 11 हजार वोल्ट के तार भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। हालांकि बिजली विभाग द्वारा तारों की मरम्मत करायी जा रही है। रिम्स मेडिकल चौक निरोग मार्ग खुद रोगग्रस्त हो गया है। रिम्स में प्रवेश करने से पहले मरीजों का सामना जलजमाव से हो रहा है। बरियातू बूटी रोड की तरफ प्रवेश द्वार पर दोनों ही ओर जलजमाव है।



### रिम्स में इन जगहों पर गिरा पेड़

- रिम्स निदेशक आवास-एसबीआइ बैंक के पास
- चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय से निदेशक कार्यालय जाने के रास्ते में
- रिम्स स्टेडियम गेट नंबर-2 के पास दो पेड़ गिरा है
- रिम्स चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के पीछे किचन के पास
- मोर्चरी के पास भी दो पेड़ गिरे हैं
- गर्ल्स हॉस्टल के पास
- हॉस्टल नंबर 5 में पेड़ गिरने से दीवार और शेड क्षतिग्रस्त
- रैन बसेरा के पास भी पेड़ गिरा है
- जीएनएम स्कूल ऑफ नर्सिंग बॉयज हॉस्टल के रास्ते में भी पेड़ गिरा
- गर्ल्स हॉस्टल के पीछे
- नर्सिंग हॉस्पिटल के सामने हॉस्टल नंबर-7 के पीछे

### जगह-जगह गिरे पेड, यातायात ठप

शहर में जगह-जगह सड़कों के बीचों बीच पेड़ गिरने से यातायात तक ठप हो गया। बरियातू जाने वाली सड़क पर ही अचानक एक विशाल पेड़ के गिरने से राहगीर बाल-बाल बच गये। हालांकि इसके चलते काफी देर तक इस मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। मेकॉन में जेवीएम श्यामली स्कूल के पास भी एक पेड़ गिर गया, लेकिन इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, जबकि इसी इलाके में विशाल पेड़ के उखड़ जाने से एक दीवार धराशायी हो गयी। रांची सिविल कोर्ट परिसर में कई पेड़ तेज हवा और बारिश के चलते गिर पड़े। इसके नीचे दबने से कई वाहनों को नुकसान हुआ है। हाइकोर्ट के पास भी एक पेड़ गिरने से वहां खड़े वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं, नीम चौक से डोरंडा जाने वाले मार्ग पर बने बुसुर पुल के ऊपर से पानी बहने के चलते वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. 18/ET/SBP/ENGG/2022-23, दिनांक 16.08.2022

1.ई-निविदा सूचना सं. 18-eT-SDENW-SBP-22

कार्य का नाम : कंटाबांजी में 140 टन BD क्रेन के रख-रखाव हेतु क्रेन शेड के प्रावधान हेतु सिविल इंजीनियरिंग कार्य एवं अन्य जुड़े कार्य का निष्पादन।

कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹1,97,10,888.64, EMD (रुपये) : ₹2,48,600/-

2.ई-निविदा सूचना सं. 15-eT-DENC-SBP-22

कार्य का नाम : 01 वर्ष की समयावधि हेतु सहायक मण्डल अभियन्ता/बरगढ़ रोड के अधीन हीराकुद में सीनियर सेक्शन इंजीनियर (P.Way)/स्टोर/सम्बलपुर के स्टोर में फर्म के ट्रक एवं ट्रेलर से P.Way सामग्री एवं फिटिंग का उतरान एवं विभिन्न ट्रैक संबंधित रख-रखाव कार्य के लिए सम्बलपुर मण्डल के अंदर एवं बाहर विभिन्न जगहों से P.Way सामग्रियों का परिवहन।

कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹1,00,02,592/-, EMD (रुपये) : ₹2,00,100/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 09 (नौ) महीने (क्रम सं.1 हेतु), 12 (बारह) महीने (क्रम सं. 2 हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (दोनों निविदा के लिए) : दिनांक 12.09.2022 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का अवलोकन करें।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), सम्बलपुर

PR-396/N/22-23

कोर्ट नोटिस

वकालतन नोटिस

प्रेषक : सुनील कुमार, अधिवक्ता
व्यवहार न्यायालय, लातेहार

प्रेषित,
सुमन सिंह (शिक्षक) पिता-रामसूरत सिंह ग्राम-गायत्रीनगर, सुदना, थाना-मेदिनीनगर सदर, जिला-पलामू।

मवक्किल : अजय प्रसाद पिता श्री सीताराम राम ग्राम-मनिका मेनरोड, पोस्ट वो थाना-मनिका, जिला-लातेहार।

महाशय,
उपरोक्त मोवक्किल के निर्देशानुसार आपको यह वकालतन नोटिस भेजी जा रही है जो इस प्रकार है:-

1. यह कि, आप मनिका हाई स्कूल में बतौर शिक्षक कार्यरत थे तथा जनवरी, 2022 में सेवा निवृत हो चुके हैं। आप सेवाकाल से ही मेरे मोवक्किल के मित्र रहे हैं।
2. यह कि, आपने आवश्यक कार्य बताकर मेरे मोवक्किल से 01 मई, 2022 को मो. 3,50,000/- (तीन लाख पचास हजार) रुपये पर्चा स्वरूप लिये थे तथा आप कहे थे कि मेरा निवृति का लाभ मिलने वाला है। आप राशि वापस कर देंगे।
3. यह कि, जब आप रुपये वापस नहीं किये तो मेरा मोवक्किल आपसे राशि वापस करने की अपील किया तब आप दिनांक 23.06.2022 को सेवा निवृति उपरांत हाई स्कूल मनिका आये थे तथा मेरा मोवक्किल जब राशि की मांग किया तो आप एक चेक संख्या-37,5285 दिनांक 23.06.2022 जो आपके भारतीय स्टेट बैंक, मनिका स्थित खाता संख्या-11692349531 से निर्गत था रकम 3,50,000/- रुपये भरकर दिया तथा कहा कि भुगतान हो जायेगा। जब मेरा मोवक्किल अपने आई.डी.बी.आई. बैंक लातेहार शाखा में धारित खाता संख्या- 1350104000051077 में उक्त चेक उसे भुनाने हेतु प्रस्तुत किया तो बैंकर द्वारा दिनांक 30.06.2022 को उक्त चेक टिप्पणी के साथ वापस कर दिया कि यह चेक सी.टी.एस. नहीं है इसकी जानकारी आपको मेरा मोवक्किल दिया लेकिन आप अभी दिनांक 26.07.2022 तक रुपये का भुगतान नहीं किये।

अतः इस वकालतन नोटिस प्राप्ति के एक सप्ताह के अंदर लिये गये राशि को मेरे मोवक्किल को वापस कर दें अन्य मेरा मोवक्किल आपके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वाद दायर करेगा जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे और उक्त वाद में खर्च हुए अतिरिक्त राशि की भी वसूली आपसे की जायेगी।

इसे ताकिद समझ जायें।

इस वकालतन नोटिस की एक प्रति मेरे सिरिश्ते में सुरक्षित रखी गयी है चाहिए कि आप भी इसे अपने पास सुरक्षित संभाल कर रखेंगे।

ह./- मोवक्किल    अधिवक्ता

## धरनारत रसोइया संघ की महिलाओं पर पेड़ की डाल गिरी, कई घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजभवन के सामने धरने पर बैठी रसोइया संघ की महिलाओं पर पेड़ की डाल टूट कर गिर गयी। इससे कई महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। रसोइया संघ की महिलाएं 5 अगस्त से धरने पर बैठी हुई हैं। महिलाएं बारिश, धूप की परवाह किये बगैर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार से झारखंड की राजधानी रांची समेत कई जिलों में मूसलाधार बारिश हो रही है। इस बारिश में भी महिलाएं धरने पर बैठी हुई हैं। महिलाओं का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं की जाती, वे सभी राजभवन के सामने प्रदर्शन करती रहेंगी।



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप नाथ साहू
जिलाध्यक्ष : आजसू सह प्रदेश युवा अध्यक्ष
शौंडिक समाज, झारखंड

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित मंत्री गोलू
कार्यकारिणी सदस्य
चेंबर ऑफ कॉमर्स, गुमला

अमृत महोत्सव एवं घर-घर तिरंगा उत्सव पर राष्ट्रीय ध्वज को नमन करते हुए सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिंद वन्दे मातरम
हिमांशु केशरी
निर्वतमान अध्यक्ष
चेम्बर ऑफ कॉमर्स, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां सभी प्रकार के यामाहा मोटर साइकिल उपलब्ध हैं
उदय प्रसाद
ज्योति इंटरप्राइजेज (यामाहा शोरूम)
पालकोट रोड, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गीता उरांव
मुखिया
कुगांव पंचायत घाघरा
गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. तनवीर
महा सचिव: फेयर प्राइस डीलर संघ
गुमला जिला, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सैयद जुन्नू रैन
संस्थापक व निदेशक
स्पोर्ट एकेडमी, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जिला परिवहन कार्यलय परिवार
गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वन विभाग, परिवार
गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यपालक अभियंता
आरईओ

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रखंड विकास कार्यालय परिवार
सदर प्रखंड, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मो. मुस्तफा आलम (राजन)
उप प्रमुख
सदर प्रखंड, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रखंड विकास कार्यालय परिवार
सदर प्रखंड, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कुशलमय मुंडू
अंचलाधिकारी व अंचल कार्यालय परिवार
गुमला अंचल, गुमला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील कंदील
प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी
सदर प्रखंड, गुमला

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंडवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गुलाम समदानी
जिला आपूर्ति पदाधिकारी
गुमला

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आप लोगों की सेवा में सदैव तत्पर
आस्था कॉम्प्लेक्स के 2nd फ्लोर में 3000 200 ft का भवन किराये के लिए खाली है।
अजीत कुमार साहू
आस्था कॉम्प्लेक्स व बालाजी मेटल्स
पालकोट रोड, गुमला
मो. नं.:- 9470930650
9162064365

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



# कांग्रेस, भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस और भीम आर्मी के कई कार्यकर्ताओं ने शनिवार को भाजपा का दामन थामा। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर बाउरी ने सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलायी।

इस मौके पर अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इसमें शामिल होना गर्व की बात है। इस वर्ष हम सब ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया है। आने वाले समय में भारत विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरेगा। उन्होंने सभी नये सदस्यों से आग्रह किया कि वे पूरी ईमानदारी से पार्टी के कार्यों को पूरा करें। सदस्यता ग्रहण करने वालों में हजारीबाग के रोहित भुइयां, मनोज राम, सरोज राम, रोहित कुमार, राहुल राम, पंकज कुमार, कजरू राम, राजेश नाम, सुनील राम, अनिल कुमार, रक्षित राम, सूरज राय, सुरेश भुइंया, झरिया के राहुल वाल्मीकि, रवि रावत, सनी रावत, रांची से कुणाल कुमार, सूरज नायक शामिल थे।

# राजीव गांधी की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंचायती राज सूचना क्रांति के जनक आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 78वीं जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में मनाया। शनिवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने डोरंडा स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय में उन्हें नमन कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कांग्रेस नेता दिलीप कुमार, पप्पू पासवान, अनूप कुमार, अशोक कुमार साहू, रामविलास सिंह, नारायण पंडित, अजय कुमार, टुनटुन साह, आयुश कुमार, दशरथ पासवान, मेंहुल कृष्णा मुख्य रूप से मौजूद थे।

# झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसर अनुबंध संघ का धरना समाप्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड असिस्टेंट प्रोफेसर अनुबंध संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरंजन महतो ने बताया कि अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों का राज्य स्तरीय अनिश्चित कालीन ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन राजभवन के समीप 28 जुलाई 2022 से शुरू हुआ, जो लगातार 24 दिन तक चला। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अजित कुमार सिन्हा, प्रति कुलपति प्रो कामिनी कुमार, कुलसचिव प्रो.मुकुंद चंद्र मेहता ने संयुक्त रूप से सभी अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को जूस पिला कर धरना को स्थगित करवाया। कुलपति प्रो अजित कुमार सिन्हा ने अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को अश्वासन दिया कि आप लोगों की सभी मांगों को राज्य सरकार के समक्ष रखेंगे। इस अवसर पर अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों ने कुलपति प्रो. अजित कुमार सिन्हा को एक मेमोरंडम सौपा, जिसमें शिक्षकों ने अपनी मांग को क्रमबद्ध तरीके से रखा है। अनिश्चितकालीन ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरंजन महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राम कुमार, डॉ अशोक कुमार महतो, डॉ त्रिभुवन साही, डॉ सुबास साहु, डॉ अजय नाथ शाहदेव, डॉ सौरभ कुमार, डॉ. यदुवंश प्रणय, डॉ रवि कुमार,डॉ संजू कुमारी, डॉ नीरा वर्मा, डॉ माधुरी दास, डॉ अंजु कुमारी, डॉ निवेदिता मुनमुन, डॉ अहलिया कुमारी इत्यादि शामिल थे।

## ग्रामीण उद्यमी प्रोजेक्ट के दूसरे चरण का शुभारंभ

# आदिवासी को स्थायी आजीविका देने पर है पूरा ध्यान: अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी समुदायों में उनके समावेशी और सतत विकास के लिए कौशल प्रशिक्षण को बढ़ाने के लिए, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने सेवा भारती और युवा विकास सोसाइटी के साथ साझेदारी में शनिवार को ग्रामीण उद्यमी प्रोजेक्ट के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर कौशल विकास और उद्यमशीलता और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आइटी केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। जबकि, केंद्रीय जल शक्ति एवं जनजातीय कल्याण राज्यमंत्री विश्वेश्वर टुडू ने अपने उत्साहजनक शब्दों से मौजूद लोगों को प्रेरित किया। मौके पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हमारा पूरा ध्यान आदिवासी आबादी के लिए स्थायी आजीविका को मजबूत करने पर है। साथ ही केंद्र सरकार ने विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों के लिए 85000 करोड़ के बजट को मंजूरी दी है। इस तरह की योजनाओं और पहलों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वामित्व बढ़ाने की भी सख्त आवश्यकता है। आदिवासी युवाओं में इतनी क्षमता और योग्यता है कि हमें उनकी प्रतिभा का सही जगह इस्तेमाल करने के लिए सही रास्ते तलाशने की जरूरत है।



### आदिवासी समुदाय के लिए गेम चेंजर साबित होगा

श्री मुंडा ने कहा इस दिशा में एक कदम है। उन्होंने विश्वास जताया है कि ग्रामीण उद्यमी प्रोजेक्ट झारखंड के आदिवासी समुदायों के लिए गेम चेंजर साबित होगा। उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने का सही अवसर प्रदान करेगा। मैं अपने युवाओं को यह बताना चाहता हूं कि आप अपने संबंधित ग्राम पंचायतों, गांवों और ब्लॉकों से इन पहलों को आप तक लाने का आग्रह करें और अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने का प्रयास करें।

### न्यू इंडिया नये अवसर और बेहतर संभावनाएं लेकर आयेगा: चंद्रशेखर

मौके पर कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि अगली तिमाही के लिए न्यू इंडिया के एक विजन के साथ अमृत काल के लिए खुद को समर्पित किया। यह न्यू इंडिया भारत के युवाओं के लिए नये अवसर और बेहतर संभावनाएं लेकर आयेगा। श्री चंद्रशेखर ने विश्वास जताया कि ग्रामीण उद्यमी प्रोजेक्ट ने मध्यप्रदेश में जो सफलता हासिल की है, उसे झारखंड में भी वही प्रतिक्रिया मिलेगी, क्योंकि स्किलिंग किसी भी क्षेत्र की समृद्धि का पासपोर्ट है।

### आदिवासी समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है: विश्वेश्वर टुडू

केंद्रीय जल शक्ति एवं जनजातीय कल्याण राज्यमंत्री विश्वेश्वर टुडू ने कहा कि अगर हम गांवों के विकास में निवेश करें तो देश विकसित हो सकता है, अगर शहर विकसित होते हैं तो शहरों का विकास होगा। इसका एक प्रमुख कंपोनेंट हमारे आदिवासी समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि उनके विकास के लिए कई संभावनाएं खुल सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे आदिवासी क्षेत्रों की समावेशिता, फाइनेंशियल ग्रोथ पर भी ध्यान केंद्रित किया है और निश्चित रूप से, ग्रामीण उद्यमी प्रोजेक्ट हमारी आदिवासी आबादी को आर्थिक सशक्तिकरण प्रदान करेगा। भारत के आर्थिक इंजन को गति देने के लिए कई योजनाएं और पायलट परियोजनाएं भी शुरू की गयी हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठक वी सतीश और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, संयोजक राष्ट्रीय सेवा भारती गुरुशरण प्रसाद, युवा विकास सोसायटी के सचिव डॉक्टर आशिष भावे, एसटी मोर्चा राष्ट्रीय महामंत्री कालिराम मांझी, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव मौजूद थे।

# 1.30 करोड़ ठगी मामले में फरार कोयला कारोबारी जयदेव चटर्जी अरेस्ट

**रांची।** 1.30 करोड़ ठगी मामले में फरार चल रहे कोयला कारोबारी को जयदेव चटर्जी को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी कौशल किशोर को मिली गुप्त सूचना पर रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई की है। इसमें कोयला कारोबारी जयदेव चटर्जी को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कोयला कारोबारी से रांची पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है, और इसके आधार पर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। 1.30 करोड़ की ठगी को लेकर मामला दर्ज होने के बाद इस मामले में अभियुक्त बनाये गये जयदेव, सुकन्या, मंजूलिका और एपी श्रीवास्तव फरार थे। जिसके बाद पुलिस इन सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान जयदेव चटर्जी को पुलिस ने मोबाइल सर्विलांस के आधार पर गिरफ्तार करने में सफल रही।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, रांची के सभागार में संस्कृत सप्ताह समारोह भव्य कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार एवं इसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को संस्कृत दिवस के अवसर पर प्रथम दिवस को चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसका मुख्य विषय राष्ट्रीय ध्वज, पर्यावरण सुरक्षा, सूर्योदय का चित्र, जल संरक्षण, रक्षाबंधन, पुष्प उद्यान, स्वच्छ भारत अभियान, अपना विद्यालय आदि पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखायी। द्वितीय दिवस पर श्लोकावृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर संस्कृत श्लोक (छंद) का वाचन करने में अपनी प्रतिभा दिखायी। तृतीय दिवस को प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा षष्ठी से 10वीं तक के छात्रों ने भाग लिया तथा रामायण-महाभारत के साथ-साथ संस्कृत साहित्य, पौराणिक ग्रन्थ आदि के प्रश्नों पर आधुनिक युग के बच्चों ने अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित की। चतुर्थ दिवस पर संस्कृत संभाषण प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठीं से 10वीं तक के छात्रों ने संस्कृत भाषा का महत्व, विद्या का महत्व, भारतीय संस्कार, आर्यभट्ट, खगोल विज्ञान आदि विषय पर संस्कृत में अपने विचार प्रकट किये। सप्ताह के अंत में समापन कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत जन-जन की भाषा होनी चाहिए। यह हम सभी भारतीय की पहचान है। संस्कृत से हमारी संस्कृति जुड़ी है। विद्यालय के उप प्राचार्य केआर झा ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों से कहा कि संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है एवं सभी भाषाओं की जननी है। इसके साथ ही यह पूर्णतः वैज्ञानिक एवं कंप्यूटर के लिए भी सबसे उपयुक्त भाषा है, जिसके आधार पर आज विभिन्न शोध किये जा रहे हैं। इसके प्रचार-प्रसार हेतु विद्यार्थियों को अवश्य ही प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर संस्कृत विभाग के मणि भूषण शर्मा, अभय चौधरी एवं दिव्यांशु पांडेय के साथ-साथ समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित था।




## आयोजन : स्पेक्ट्रम-द न्यू बिगनिंग थीम पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# सरला बिरला में वात्सल्यम-3 केजी-2 के नन्हे-मुन्नों ने समां बांधा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शनिवार को केजी-2 के बच्चों ने वार्षिक कार्यक्रम वात्सल्यम-2022 में अपनी आकर्षक प्रस्तुति से अद्भुत समां बांधा। स्पेक्ट्रम-द न्यू बिगनिंग थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में रांची के डिप्टी एसपी दीपक कुमार की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विशेष रूप से हेसाग स्थित अपना घर वृद्धाश्रम के सदस्यों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ। केजी-2 अ के बच्चों ने लाल रंग के परिधान में करेज-लक्ष्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। केजी-2 इ के बच्चों ने बैंगनी परिधान में सज कर जब ईश्वरीय शक्ति-एक आस्था, एक विश्वास कार्यक्रम प्रस्तुत किया, तो सभागार में उपस्थित ग्रैंड पैरेंट्स आध्यात्मिकता के रंग से सराबोर हो गये। केजी 2- उ के बच्चों ने अत्यंत उत्साह में भरकर जब सुनहरे परिधान में सज कर सालसा नृत्य की प्रस्तुति दी, तब उपस्थित दर्शक भी एक ही लय ताल में झूमने को मजबूर हो गये। केजी-2 ऊ के बच्चों ने नीले रंग के परिधान में उम्मीदों की उड़ान कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। केजी-2 ए के बच्चों ने पीले परिधान में सजकर हैप्पीनेस-एसेंस ऑफ लाइफ कार्यक्रम के द्वारा सभी को प्रभावित किया। जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय परिसर में नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक नृत्य कृष्णाष्टमी प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। उपस्थित ग्रैंड पैरेंट्स के लिए यह एक अविस्मरणीय कार्यक्रम था, जो भारतीय परंपराओं को सहेजने में सफल रहा।



मुख्य अतिथि दीपक कुमार ने कहा कि अच्छा इंसान बनने के लिए जीवन मूल्यों को साथ लेकर चलना बहुत जरूरी है। सरला बिरला स्कूल प्रांगण से निकल कर हर बच्चा स्कूल एवं देश का नाम रोशन करेगा, ऐसा मुझे विश्वास है। विद्यालय के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकों और छात्रों द्वारा की गयी कड़ी मेहनत की सराहना की।

प्राचार्या परमजीत कौर ने शिक्षकों और छात्रों द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की और उन्हें अपने सपनों की दिशा में आत्मविश्वास से आगे बढ़ने और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### फैंसी ड्रेस और दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। पुंदाग पथ स्थित डीएवी आलोक पब्लिक स्कूल रांची में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर दही हांडी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस और येलो हाउस के बच्चों एवं बच्चियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। दही हांडी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेता रेड हाउस, उपविजेता ब्लू हाउस को घोषित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को भगवान कृष्ण के जीवन से सीख लेनी चाहिए कि अमीरी-गरीबी का भेदभाव किये बिना सभी जाति-धर्म के लोगों से सच्ची मित्रता निभानी चाहिए। जीवन भर ऊंच-नीच की भावना से दूर रह कर सभी लोगों, पशु-पक्षियों एवं जीव जंतु से प्यार करना चाहिए।

### केंद्रीय सरना समिति ने करम पूजा की तैयारी तेज की



रांची (आजाद सिपाही)। करम पूजा की तैयारी को लेकर शनिवार को केंद्रीय सरना समिति के कार्यालय में 13 बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में अहम बैठक हुई। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने बताया कि 6 सितंबर को शुक्लपक्ष भादो एकादशी में उपवास एवं रात्रि आठ बजे पूजा एवं 7 सितंबर को परना एवं 8 सितंबर को विसर्जन का कार्यक्रम किया जायेगा। केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की ने कहा कि इस बार करम पूजा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्य नारायण लकड़ा ने कहा कि करम पूजा भादो एकादशी के शुक्ल पक्ष में होता है। करम एक पेड़ ही नहीं बल्कि आराध्य देव है। अस्तित्व रक्षक आध्यात्मिक जीवन दर्शन परंपराओं का प्रतीक भी है। केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर लोहरा अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव बिमल कच्छप, बाना मुंडा, बलदेव मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, दीपक जायसवाल, प्रकाश खलखो, धर्म कुमार, सोमर मुंडा सहित अन्य मौजूद थे।

### शीतल छाया महिला संस्था ने बच्चों संग जन्माष्टमी मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। शिव सांई नगर रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में शीतल छाया महिला संस्था के बच्चों ने जन्माष्टमी का उत्सव मनाया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बच्चों ने कृष्ण और राधा का रूप प्रस्तुत किया। जिसमें बच्चों के द्वारा नृत्य और फैंसी ड्रेस कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। इस कार्य को सफल बनाने में संस्था के संस्थापक शीतल वर्मा और उनके साथ गुड्डी सिंह, रुबी देवी सहित अन्य महिलाओं ने सहयोग किया।

### आरयू: तीन नये कॉलेजों के समन्वयक नियुक्त किये गये

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत तीन नये कालेजों-महिला कॉलेज लोहरदगा, महिला कॉलेज सिमडेगा और मॉडल कॉलेज घाघरा में शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए समन्वयक नियुक्त कर दिये गये हैं। इन सबको प्रोफेसर इंचार्ज की सुविधा उपलब्ध होगी। इन कॉलेजों में इसी सत्र से पढ़ाई शुरू होनी है। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। बीएस कॉलेज लोहरदगा के मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ नीता सहाय को महिला कॉलेज लोहरदगा का समन्वयक नियुक्त किया गया है। सिमडेगा कॉलेज के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक तिरयो एक्का को महिला कॉलेज सिमडेगा का समन्वयक नियुक्त किया गया है। वहीं, केओ कॉलेज गुमला के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक अमिताभ भारती को मॉडल कॉलेज घाघरा का समन्वयक नियुक्त किया गया है। इन सभी को अपने मूल संस्थान में सेवा देते हुए नयी जिम्मेदारी निभानी है।

### कृष्णा नगर में कृष्ण जन्माष्टमी मनी



रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को कृष्णा नगर कालोनी में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया एवं मंदिर को विशेष रूप से सजया गया। भगवान जन्म पर अलौकिक झांकी प्रस्तुत की गयी एवं मंदिर परिसर में आकर्षण का केंद्र रहे बाल गोपाल एवं राधा रानी का स्वरूप धारण किए हुए बच्चों को मंदिर कमेटी के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके बाद श्रीमद् भागवत गीता का पाठ पढ़ा गया इसके उपरांत रात्रि 12:00 बजे श्रीकृष्ण भगवान का जन्म एंव उसके बाद आरती, अरदास और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय एवं वार्ड 30 की पार्षद रिमा देवी, वार्ड 31 के पार्षद अशोक यादव, पूर्व पार्षद सुनीता देवी सभी ने भगवान की पूजा की । कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखी राधेश्याम किंगर, कमेटी के प्रधान मनोहर लाल जसूजा रामचंद्र तलेजा, हरीश अरोरा,अरुण जसुजा किशोरी किंगर, सुशील गेरा नंदकिशोर अरोड़ा किशोरी पपनेजा, निखिल घेई, दिनेश गखड़, हरीश मनुजा, किशोरी मुंजाल, चन्द्रभान तलेजा, सुनील कटारिया, गौरी शंकर मादनपोत्रा, रोहित तलेजा, रौनक मिड्ढा, पंकज गखड़, महेश कुक्कड़, चंद्रभान मनुजा ललित किंगर पवन पपेनजा विकास गई विनीत अरोड़ा जिमी अरोड़ा मुकेश सभी उपस्थित हुए।

## तस्करी की शिकार झारखंड की चार बच्चियों सहित पांच को दिल्ली में कराया मुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** मानव तस्करी की शिकार पाकुड़ की चार बच्चियां एवं साहेबगंज की एक महिला को दिल्ली में मुक्त कराया गया। एकीकृत पुनर्वास सह संसाधन केंद्र नई दिल्ली की नोडल ऑफिसर नचिकेता ने बताया कि मुक्त कराई गई बच्चियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से इतना प्रताड़ित किया गया है कि ये मानसिक रूप से अस्वस्थ हो गई हैं। वर्तमान में अभी तीनों का इलाज चल रहा है। पाकुड़ एवं साहेबगंज जिला प्रशासन के सहयोग से मुक्त कराई गई बच्चियों एवं महिला को शनिवार को वापस उनके गृह जिले में पुनर्वासित किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी जिले को सख्त निर्देश दिया गया है कि जिस भी जिले के बच्चे को दिल्ली में मुक्त कराया जाता है, उन्हें जिले के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा वापस अपने जिले में पुनर्वास किया जायेगा। इसके तहत पाकुड़ के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ब्यास ठाकुर की टीम द्वारा पहल करते हुए मुक्त हुए लोगों को दिल्ली जाकर अपने संरक्षण में ट्रेन से वापस पाकुड़ लाया जा रहा है। इन बच्चियों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा, ये सभी मानव तस्करी का शिकार न बनने पाएं। समाज कल्याण महिला बाल विकास विभाग के निदेर्शानुसार झारखंड लाये जा रहे बच्चों को जिले में संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे स्पॉन्सरशिप, फॉस्टरकेयर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से जोड़ते हुए उनकी ग्राम बाल संरक्षण समिति के माध्यम से सतत निगरानी की जाएगी, ताकि इन बच्चियों को पुन: मानव तस्करी के शिकार होने से बचाया जा सके एवं झारखण्ड राज्य में मानव तस्करी रोकी जा सके। एस्कॉर्ट टीम में एकीकृत पुनर्वास–सह– संसाधन केंद्र की परामर्शी निमला खलखो एवं कार्यालय सहायक राहुल सिंह ने अहम भूमिका निभाई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली पुलिस, बाल कल्याण समिति, नई दिल्ली एवं सीमावर्ती राज्यों की बाल कल्याण समिति से लगातार समन्वय स्थापित कर मानव तस्करी के शिकार लोगों की पहचान कर मुक्त कराया जा रहा है। मुक्त करायी गईं बच्चियों को दलाल के माध्यम से दिल्ली लाया गया था।

## महाधरना को लेकर रांची सहित दूसरे जिलों में जनसंपर्क अभियान तेज: एस अली



**रांची (आजाद सिपाही)।** उर्दू स्कूलों की मान्यता समाप्त किये जाने के विरोध में उर्दू शिक्षक के विभिन्न स्तर की बहाली एवं अल्पसंख्यकों के अधिकारों से जुड़े मामलों को लेकर झारखंड छात्र संघ एवं आमया संगठन के द्वारा 23 अगस्त को राजभवन के समक्ष महाधरना दिया जाएगा। वही राज्य के गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, साहेबगंज, चक्रधरपूर सहित दूसरे जिलों में भी अलग अलग संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किये जायेंगे। महाधरना की तैयारी को लेकर जिलों में जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा उर्दू विद्यालय के रूप में संयुक्त बिहार के समय से स्थापित विद्यालयों के छात्र पंजीकरण, शिक्षक पदास्थापन व अन्य कागजात को नही माना गया। जिसमें उर्दू विद्यालय लिखा है। इन विद्यालयों में वर्षों से शुक्रवार को छुट्टी होते रही जिसे समाप्त कर रविवार कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालयों में उर्दू शिक्षकों के 3712 रिक्त पड़े पदों को स्नातक टेट उत्तीर्ण से भरे जाये। महागठबंधन सरकार अल्पसंख्यकों के मामलों पर गम्भीर नही है। महाधरना के माध्यम से ऐसे सवालों को उठाया जायेगा।

## भंडारे का भोग अर्पित किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम बाबा की जय हारे के सहारे की जय बजरंगबली की जय कारों के बीच हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज मंदिर में स्थापित श्री श्याम बाबा, शालिग्राम जी, लड्डू गोपाल जी, गरुड़ जी, बजरंगबली, श्री शिव परिवार, व गुरु जी को श्री श्याम भंडारे का भोग अर्पित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष पर आज 24 वा श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिला कर श्याम भक्तों को वितरण प्रारंभ किया गया। खाटू नरेश के एक भक्त परिवार ने श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित की। आज के श्याम भंडारे में इडली, नारियल की चटनी, एवं चूरमा प्रसाद का वितरण किया गया। बरसात के मौसम के बावजूद भंडारे का प्रसाद लेने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी की देख रेख मे प्रसाद निर्मित किया गया। श्री सरावगी के नेतृत्व में लगभग 2500 श्रद्धालुओं के बीच श्री श्याम भंडारे का प्रसाद सम्मान के साथ वितरित किया गया। मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही संपूर्ण परिसर भक्तों से अटा पड़ा था पूरा क्षेत्र जय जयकारों से गूंज रहा था। आज के इस भंडारे में भजन सम्राट श्याम भक्त श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ में महारत श्री संदीप जी सुल्तानिया ने इस भंडारे में अपनी सेवा दी। श्री श्याम भंडारे वितरण तथा व्यवस्था में सर्वश्री विश्वनाथ नर्सरिया, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, कमलेश सावा, अनिल नारनौली, प्रदीप मोदी, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, उत्कर्ष लोहिया, राजीव मित्तल, अमित सरावगी, पवन शर्मा, राजकुमार केडिया, चंडी डालमिया, किशन शर्मा, निखिल नारनोली, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, कौशल चौधरी, कविता मित्तल, अन्नपूर्णा सराओगी, मीरा अग्रवाल, सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवक कार्यकताओं का विपुल सहयोग रहा। यह जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# विधायक नीरा यादव के आवास पर छोड़ा पटाखा, बम की अफवाह



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव के आवास पर विस्फोट किया गया है। शनिवार रात के लगभग 9.30 बजे आवास परिसर स्थित अपोलो टायर की दुकान के बाहर विस्फोट की आवाज हुई तो बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। बम विस्फोट की अफवाह भी फैल गयी। इस बाबत पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले शिवा नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। घटना के पीछे के कारणों की जानकारी नहीं मिल पायी है। इधर कोडरमा एसपी कुमार गौरव ने बताया कि विधायक आवास के पास महावीर मोहल्ला निवासी शिव नंदन नाम के शख्स ने पटाखा फोड़ दिया। उसे हिरासत में लिया गया है। वह शराब के नशे में है। चिकित्सा परीक्षण किया गया है। बताया जा रहा है कि यह शख्स पागल है और बाजार क्षेत्र में घूमता है।

### दीपक प्रकाश ने की कड़ी निंदा



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने पूर्व मंत्री एवम कोडरमा की विधायक श्रीमती नीरा यादव पर हुए हमले की कड़ी भर्त्सना की है। श्री प्रकाश ने कहा कि इस राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। यहां अब कोई भी सुरक्षित नहीं है। कहा कि यहां अपराधियों का मनोबल सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने सरकार को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार अपराधियों पर शीघ्र सख्त कार्रवाई करे,नही तो भाजपा पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन करेगी।

## डिजिटल इंडिया के सूत्रधार थे राजीव गांधी : सुधीर मंगलेश

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड के सिरू बुधबाजार मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। मुख्य अतिथि के रूप मे दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक थे। राजीव गांधी आज इस दुनिया में नही है लेकीन लोकप्रिय जननेता और प्रधानमंत्री के रूप मे देश को विकास पथ पर ले जाकर अंतराष्ट्रीय जगत मे उन्होंने भारत को आधुनिक खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने मे बिशेष भूमिका निभायी। राजीव गांधी ऐसे भगीरथ थे जो विकास गंगा की अविरल धारा को हिमालय से कन्याकुमारी तक ले जाना चाहते थे। उन्होंने अपनें निष्कंटक सार्वजानिक और राजनीतिक जीवन में जिस भूमिका का निर्वहन किया उसमें वे पुर्ण रूप से कुंदन की तरह खरे उतरे। राजीव गांधी भारत मे सूचना प्रौद्योगिकी के सूत्रधार थे आज जिस डिजिटल इंडिया की बात पुरा देश कर रहा है। उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी थी।

# राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने नौवें किट इंटरनेशनल मॉडल संयुक्त राष्ट्र का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल ने शनिवार को किट इंटरनेशनल स्कूल के मॉडल संयुक्त राष्ट्र 2022 के 9वें संस्करण का उद्घाटन किया और एक ऐसे समाज के अपने दृष्टिकोण को साझा किया जो एक एकीकृत शिक्षा को बढ़ावा देता है जो शिक्षक, छात्र और माता-पिता को एक ही आस्थान पर लाता है। मॉडल संयुक्त राष्ट्र (एमयूएन) ओडिशा में अपनी तरह का पहला है और इसे 2013 में शुरू किया गया था, जो छात्रों को जलवायु परिवर्तन और विश्व शांति जैसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मामलों में संलग्न और विचार-विमर्श करने के लिए एक अबिकल मंच प्रदान करता है। किट इंटरनेशनल स्कूल राज्य का एकमात्र संस्थान है जो संयुक्त राष्ट्र के इस प्रतिष्ठित मिशन का भागीदार है। 9वें संस्करण का विषय शरणार्थी चुनौतियां है। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदान की जाने वाली शिक्षा सर्व-समावेशी होनी चाहिए और सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। ज्ञान को मानव विकास के उच्चतम मूल्यों को बढ़ावा देना चाहिए और सादगी और विनम्रता को आत्मसात करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि 'आंतरिक चेतना' को आकार देने में शिक्षकों की बड़ी भूमिका होती है जो छात्रों को अपने कार्यों और कार्यों में सच्चा होने के लिये प्रोत्साहित करती है। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राज्यपाल के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और उन्हें ज्ञान का भंडार बताया। उन्होंने कहा कि नौवें संस्करण की थीम- शरणार्थी चुनौतियां- कई मुद्दों के कारण दुनिया भर में हो रहे विस्थापन के कारण महत्वपूर्ण है। ₹विस्थापन कठिन है, यदि यह जबरन विस्थापन है, तो यह अधिक कठिन है, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि एमयूएन मंच समकालीन मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करने और उन्हें हल करने का अवसर प्रदान करता है। ₹बात करोगे तो बात बनेगा, उन्होंने रेखांकित किया। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के बारे में बात करते हुए, डॉ सामंत ने कहा कि किट ने उद्देश्यों को पूरा करने में काफी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि किट को प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग 2022 में 'असमानताओं को कम करने' में की गई प्रभावशाली प्रगति के लिए दुनिया में 8 वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। कार्यक्रम में ओडिशा यूएनडीपी की प्रमुख आभा मिश्र किट इंटरनेशनल स्कूल की चेयरपर्सन मोनालिसा बल प्रिंसिपल डॉ. संजय सुअर उपस्थित थे।

## जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर राधा-कृष्ण का रूप धर नन्हे बच्चे ने मोहा मन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा के शिवनगर कॉलानी स्थित मां तारा मंदिर मे मंगलवार को भजन-किर्तन, हवन, भंडारे सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुहल्ले के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राधा-कृष्ण की भूमिका का रूप धर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान राधा-कृष्ण के धार्मिक संगीत के धुन पर बच्चे नृत्य करते दिखें। मंदिर के पुजारी अनिल मिश्रा ने कहा कि बच्चों में भगवान बसते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीला अपरम्पार है। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी अनिल मिश्रा, विक्की मिश्रा, दिलीप मिश्रा, अशोक साव, रविन्द्र कुमार, आलोक कुमार, सरोज राणा, मिन्टू सिंह, रिणा देवी, तारा देवी, आशा सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। इधर पटेलनगर भुरकुंडा स्थितकृष्ण ठाकुरबाड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी को ले मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई थी जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## एक नजर

### 15 लाख 96 हजार 659 रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर अपराधी गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआइडी) की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों से 15 लाख 96 हजार 659 रुपये की ठगी करने के मामले में एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराधी की गिरफ्तारी बिहार से की गयी है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम मोहम्मद अख्तर अंसारी है। वह बिहार के मोतिहारी जिला के बंजरिया थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। उसके पास से इस्तेमाल किये गये विभिन्न बैंकों के 31 डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड, तीन मोबाइल और एक पासपोर्ट बरामद किया गया है। साइबर थाना की डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि बीते 22 जून को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बासको नगर निवासी मतियस डुंगडुंग ने मामला दर्ज करवाया था। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि अज्ञात साइबर अपराधी बिजली बिल का भुगतान नहीं किये जाने का झांसा देकर अल्पेमिक्स ऐप इंस्टॉल कराते हुए 12 लाख नौ हजार 659 रुपये की बैंक खाते से अवैध निकासी कर ली। डीएसपी ने बताया कि एक अन्य मामला अरगोड़ा निवासी ओम प्रकाश अंबष्ट ने बीते 13 दिसंबर 2021 को साइबर अपराधी के खिलाफ दर्ज कराया था। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि बीएसएनएल सिम डिएक्टीवेट कराने के नाम पर ओटीपी मांग कर तीन लाख 87 हजार रुपये की ठगी कर ली गयी है। डीएसपी ने बताया कि दोनों मामले के अनुसंधान के क्रम में संलिप्तता के बिंदु पर अनुसंधान करते हुए दोनों ही कांडों में संलिप्त एक साइबर अपराधकर्मी अख्तर अंसारी को गिरफ्तार किया गया है।

### विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा इलाज के लिए जा सकते हैं एम्स



**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स प्रबंधन ने जेल प्रशासन को सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की बीमारी की जानकारी उपलब्ध करायी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए एम्स ले जाया जा सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि पंकज मिश्रा ने पेट की बीमारी पेंक्रियाटिस और मानसिक बीमारी के बारे में बताया है। प्रबंधन की ओर से भेजी गयी रिपोर्ट में कहा गया है कि रिम्स में पेट रोग विशेषज्ञ नहीं हैं, जिस कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। साथ ही उनकी बीमारी की पूरी हिस्ट्री और अन्य जानकारी उपलब्ध करायी गयी है। डॉ शितल मलुवा उनका इलाज कर रहे हैं। पहले रिम्स मेडिकल बोर्ड ने पंकज मिश्रा की जांच की थी, जिसमें उम्मीद जतायी गयी थी कि उनका इलाज रिम्स में होगा। लेकिन एक्यूट बीमारी की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। बोर्ड के चेयरमैन डॉ शीतल मलुवा ने बताया कि उनकी सभी जांच रिपोर्ट आने के बाद उनके स्वास्थ्य का आकलन किया गया। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की दवाएं और इलाज पर बोर्ड निर्णय लिया। हालांकि कहा जा रहा था कि रिपोर्ट सामान्य आने के बाद पंकज मिश्रा को दवाओं का परामर्श देकर रिम्स से छुट्टी कर दी जायेगी। अवैध खनन मामले में इडी ने पंकज मिश्रा को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इडी कार्यालय में पूछताछ के दौरान पंकज मिश्रा ने पेट में तेज दर्द की शिकायत की थी, तो इडी अधिकारियों ने उन्हें रिम्स में भर्ती कराया था। पंकज मिश्रा को क्रोनिक पैंक्रियेटाइटिस की समस्या है।

पेज 1 का शेष

### तीन घंटे चली बैठक

दरअसल यह बैठक राज्य में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए बुलायी गयी थी, लेकिन इस दौरान राज्य के राजनीतिक हालात पर भी चर्चा हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में भाजपा की मंशा पर भी सवाल उठा। कहा गया कि कैसे भाजपा सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। कैसे साजिश रच रही है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री आवास से बाहर निकले विधायकों ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन उनके नेता थे और वही रहेंगे। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा, हेमंत मुखिया हैं और रहेंगे। वहीं विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी कहा कि नेतृत्व पर किसी तरह का कोई संकट नहीं है। कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि सरकार के भविष्य को लेकर अफवाह फैलायी जा रही है। ऐसी कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि बैठक में सुखाड़ पर चर्चा हुई है और यह भी तय हुआ है कि विधायकों की समस्या का समाधान गंभीरता से किया जायेगा। सियासी संकट पर किसी विधायक ने आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन माना जा रहा है कि बैठक में इस पर चर्चा हुई। सत्ता पक्ष हर तरह के फैसले को लेकर अपनी तैयारी में है। सत्ता पक्ष के विधायक पूरी तरह से मुख्यमंत्री के साथ एकजुट हैं।

**बैठक में पांच विधायक नहीं पहुंचे**

बैठक में झामुमो के तीन और कांग्रेस के दो विधायक नहीं पहुंचे थे। इनमें चमरा लिंडा, समीर मोहंती, सरफराज अहमद, पूर्णिमा नीरज सिंह और भूषण बाड़ा के नाम शामिल हैं। उधर, कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप) पहले से कैश कांड के कारण कोलकाता में हैं। ममता देवी स्वास्थ्य कारणों से बैठक में शामिल नहीं हुईं, जबकि शिल्पी नेहा तिर्की दिल्ली में हैं। इन दोनों ने इसकी लिखित सूचना कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम को दे दी थी।

## पटेलनगर ठाकुरबाड़ी मंदिर में मनी कृष्ण जन्माष्टमी

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में शुक्रवार की रात्रि पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी को ले ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में लगभग 300 महिलाओं ने सामूहिक पूजन किया। पुरोहित राम कुमार पाठक के देख-रेख में आयोजित पूजन-अनुष्ठान में बतौर यजमान नरेंद्र तिवारी पत्नी गायात्री तिवारी, उत्तम सिन्हा पत्नी बबीता सिन्हा शामिल हुए। रात्रि 12 बजे श्री कृष्ण का जन्म हुआ। इसके बाद भजन-कीर्तन, सोहर गये गये। इसके पूर्व मां शक्ति के आह्वान किया। तत्पश्चात राधा-रानी के आहवान के बाद श्री कृष्ण की पूजा-आराधना की गई।

# सिमडेगा में मासूम बच्चे की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड के सिमडेगा जिले के पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के कोबांग बिरहोर टोली निवासी मासूम बच्चे की निर्मम हत्या कर दी गयी। इसके बाद आरोपी ने शव को जंगल में छिपा दिया था। ग्रामीणों को शंका होने पर उन्होंने आरोपी की जम कर पिटाई की और बच्चे के शव को जंगल से ढूंढ़ निकाला।

इधर, सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी निर्मल किंडो को गिरफ्तार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। घटना का कारण अभी

**ग्रामीणों ने आरोपी को पीट कर किया घायल, जांच में जुटी पुलिस**

पता नहीं चल सका है। इधर घटना से मासूम के परिजन स्तब्ध हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के कोबांग बिरहोर टोली निवासी निर्मल किड़ो अपनी बस्ती के एक मासूम बच्चे को जंगल में ले जाकर उसकी हत्या कर दी और शव जंगल में छिपा दिया। ग्रामीणों ने जब बच्चे की खोजबीन शुरू की, तब पता चला कि बच्चा निर्मल के साथ जंगल की तरफ गया था। ग्रामीण निर्मल को पकड कर पूछताछ कर जंगल ले गये और बच्चे के शव को बरामद किया। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी निर्मल की जम कर पिटाई कर दी।

### अस्पताल में भर्ती आरोपित निर्मल किंडो

ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पंहुची और घायल अवस्था में आरोपी निर्मल को गिरफ्तार कर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

## भुरकुंडा बाजार ठाकुरबाड़ी मंदिर में धूमधाम से मनी कृष्ण जन्माष्टमी

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार की रात्रि पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इधर हर वर्ष की भांति भुरकुंडा बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण के जन्म उपरांत पूरे विधि-विधान से भूगल किशोर पांडेय द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कराई गई। इस दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा को ले नंदकिशोर पांडेय, अजय पांडेय, रूद्राक्ष पांडेय द्वारा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सही ही आकर्षक लाईटिंग की भी व्यवस्था की गई थी। पूजा के बाद राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, गौरी साव, किशोर साव, संजय साव, सुभाष नायक, गणेश साव द्वारा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा में फूलझरी देवी, संतोषी कुमारी, पुष्पा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए।

# श्री श्री विश्वविद्यालय कटक ने परीक्षित कोरोना निवारक औषधि को आयुष मंत्रालय की मान्यता

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा गठित आइटीआरसी कमेटी. गुणवत्ता परीक्षण के पश्चात श्रीश्री तत्व द्वारा निर्मित एनएओक्यू 19 कोरोना निवारक औषधि को प्रमाण व मान्यता प्रदान किया है। जिसके प्रयोग से मध्यम एवं अल्प लक्षण वाले अनेक कोरोना रोगियों की चिकित्सा, स्टैंडर्ड केयर के साथ सफलता पूर्वक किया जा सका एवम रोगियों को उत्कृष्ठ लाभ मिल सका। इस औषधि का निर्माण उन्नीस प्रकार की जड़ी बूटियों को मिलाकर किया गया है जो मूलतः हमारे शरीर के व्याधिप्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते है व विशेषकर सर्दी, बुखार, जुकाम आदि लक्षणों मे लाभकर है। एनएओक्यू 19 औषधि, श्रीश्री तत्व के अथक परिश्रम, शोध अनुभव का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसका शोध परीक्षण श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान चिकित्सालय (एसएससीएएसआएच), श्रीश्री विश्वविद्यालय, कटक के द्वारा किया गया है। सन 2021 में, ओडिशा सरकार द्वारा श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान चिकित्सालय कटक को कोविड केयर सेंटर घोषित किया गया था और उस समय की मांग को देखते हुए श्रीश्री तत्व द्वारा एनएओक्यू 19 औषधि का निर्माण किया गया, जिसके चिकित्सीय प्रयोग से अनेक रोगी लाभांवित हुए। इस औषधि का शोध एवं नैदानिक परीक्षण श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान चिकित्सालय कटक, श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान चिकित्सालय बेंगलुरु, एम्स जोधपुर, एम्स रिषिकेष डीआरएमएस. नोयडा में भर्ती कोरोना रोगयों में किया गया था। श्रीश्री तत्व एवं श्रीश्री इन्सटिट्युट् आफ एड्वांस रिसर्च (एसएसआइएआर) के मिलित अथक परिश्रम से इस औषधि की परीक्षा बेंगलुरू एवं एफएनडी के माध्यम से सफलता पूर्वक की गई। इस औषधि का निर्माण भारत सरकार द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मापदंडों को ध्यान में रखते हुए किया गया है अतः जीएमपी. सर्टिफाइड है। इस औषधि के परीक्षण में मुख्य भूमिका श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान चिकित्सालय कटक के डा. संजीव कुमार दास कयाचिकित्सा विशेषज्ञ, प्रो. (डॉ.) दुर्गा प्रसाद दास- मेडिकल सुपेरिंटेंडेंट, प्रो. (डा.) प्रदीप कुमार पंडा डीन का रहा है। इसके साथ ही साथ श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय एवं अनुसंधान चिकित्सालय कटक के सभी चिकित्सालय कर्मियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। एनएओक्यू 19 औषधि के प्रयोग से अनेक कोरोना रोगियों को कम दरों में अल्प समय मे ही उत्कृष्ट लाभ प्राप्त होगा। इस शोध कार्यक्रम के सफलता के लिए, सर्वोपरि गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर जी के आशीर्वाद श्रीश्री तत्व के प्रमुख अरविंद वर्चस्वी, श्रीश्री आयुर्वेद महाविद्यालय व अनुसंधान चिकित्सालय कटक के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी डा. संध्या सादना, श्रीश्री विश्वविद्यालय के डायरेक्ट ऑपरेशन-गौरव वर्मा एवं कुलपति प्रा. बी.आर. शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया जाता है।

## सड़कों पर पेड़ व बिजली के खंभे गिरने से जगह-जगह आवागमन बाधित, लबालब भरी नदियां

# खूंटी-खलारी में लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पिछले 48 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। तेज हवाओं और गर्जन के साथ शुक्रवार दोपहर से ही खूंटी जिले में झमाझम बारिश हो रही है, जिससे कई क्षेत्रों में स्थिति नारकीय हो गयी है। तेज हवाओं के कारण कई जगहों पर पेड़ उखड़ कर सड़कों पर गिर गये हैं। रांची-खूंटी मुख्य पथ पर एक विशलकाय पेड़ गिर जाने से आवागमन घंटों ठप रहा। जिले की लगभग तमाम नदियां लबालब भर चुकी है। हालांकि बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए हैं। तोरपा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ राजेन चौधरी का कहना है कि और कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। इसे लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। कृषि वैज्ञानिक डॉ चौधरी ने बताया कि राज्य के सरायकेला-खरसांवा, पश्चिमी एवं पूर्वी सिंहभूम जिला समेत अनेक इलाकों में अगले 48 घंटों तक भारी बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिले में 80 से 200 मिलीमीटर तक वर्षा हो सकती है। कई जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। इस बीच 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगीं। डॉ चौधरी ने बताया कि निम्न दबाव बालासोर से 200 किमी दूरी पर है, जो बंगाल की खाड़ी होते हुए झारखंड की ओर बढ़ रहा है। यहां से यह छत्तीसगढ़ की ओर जायेगा। इस वजह से झारखंड के कई इलाकों में 20 अगस्त को हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। हालांकि 21 अगस्त को इसका आंशिक असर मौजूद रहेगा। वहीं, 22 अगस्त को राज्य के कुछ स्थानों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।



सड़क पर गिरे पेड़ हटाते लोग।

### घंटों फंसी रही स्कूल बसें

तेज हवा और बारिश के कारण रांची-खूंटी मार्ग पर कई पेड़ सड़कों पर गिर गये। इस कारण कई स्कूल बसें फंसी रही। बाद में बच्चों को सिलादोन होकर खूंटी लाया गया। तेज हवा के कारण हुटार, कालामाटी, सतरंजी सहित कई जगहों पर बड़े-बड़े पेड जड़ से उखड़कर सड़कों पर गिर गयी। जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा।

## पेड़ गिरने से खलारी पीएचसी की दिवार गीरी, प्रगति नगर में मकान क्षतिग्रस्त

**खलारी (आजाद सिपाही)।** पिछले दो दिनों से खलारी प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। सड़कों में बने गड्ढों में पानी भर जाने और कीचड़ हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। वहीं, तेज हवा और बारिश से खलारी पीएचसी की बाउंड्री को तोड़ते हुए विशाल पेड़ गिर गया। पेड की जद में आकर बिजली का एक खंभा समेत ट्रांसमीशन लाईन भई टूटकर खलारी-पतरातु मुख्य मार्ग पर गिर गया। पीएचसी की चारदिवारी सहित बगल में बने होटल को नुकसान पहुंचा है।





वहीं विद्युत तार गिरने से इस रास्ते से आवागमन पूरी तरह ठप्प हो गया है। साथ ही जेहलीटांड़ के समीप 11 केवीए का ट्रांसमिशन लाईन पोल सहित गिर गया है। जिससे खलारी क्षेत्र अंधेरे में है। बुकबुका पंचायत के मुखिया पारसनाथ उरांव ने मौके पर पहुंचकर नुकसान की जानकारी लिया और पेड़ गिरने की सूचना खलारी बीडीओ लेखराज नाग व विद्युत विभाग को दिया। मुखिया ने बीडीओ से जल्द से जल्द बिजली के खंभे व तार ठीक कराकर विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की। उधर, खबर पाकर विद्युत विभाग के कर्मचारी त्वरित कार्रवाई में जुट गए हैं। वहीं बुकबुका पंचायत के प्रगति नगर में रहने वाले सदानंद नायक का मकान भी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर पहुंचे पंसस धीरज कुमार बहादुर ने बताया कि सदानंद नायक द्वारा खलारी अंचलाधिकारी को क्षतिग्रस्त मकान के मुआवजा के लिए अवोदन दिया गया है। जिस पर सीओ शिशुपाल आर्य ने भूमि संबंधित दस्तावेज जमा करने और पीडित परिवार को मुआवजा दिलाने की बात कही। इधर लगातार हो बारिश से किसानों ने भी धान की रोपनी शुरू कर दी है। खलारी क्षेत्र में पूर्व में कम बारिश होने से 35 से 40 फीसदी ही धान रोपनी हुई है।

## कांग्रेसियों ने मनायी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न दिवंगत राजीव गांधी की 78वीं जयंती



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आधुनिक भारत के निर्माता, संचार क्रांति के जनक, महिलाओं को आरक्षण, युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट देने का अधिकार व पंचायती राज के रास्ते गांधीजी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को पूर्ण करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व राजीव गांधी की जयंती शनिवार को खूंटी जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। प्रदेश से आए प्रदेश कांग्रेस शिक्षा विभाग के अध्यक्ष श्याम नारायण सिंह, खूंटी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राम कृष्ण चौधरी, लोहरदगा शिक्षा विभाग कांग्रेस कमेटी के चंद्रशेखर भगत, सहकारिता विभाग के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान, सिमडेगा जिला शिक्षा विभाग के प्रो रोशन टेटे, खूंटी जिला कांग्रेस चेयरमैन शिक्षा विभाग के बसंत सुरीन, तलहा खान, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव विकास सिंह, अरकम हुसैन, दिनेश मिश्रा और जॉन आदि ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पूर्व राज्यपाल के निधन पर अर्जुन मुंडा ने जताया शोक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड और असम के पूर्व राज्यपाल सैयद सिब्ते रजी के आकस्मिक निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सैयद सिब्ते रजी एक सुलझे हुए राजनेता थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और उनके परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## अपराध की योजना बनाते तीन नाबालिग हथियार समेत गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर रात खूंटी बाजार टांड़ में छापामारी कर अपराध की योजना बनाते तीन किशोरों को पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर एसपी अमन कुमार ने बताया कि खूंटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार भगत शुक्रवार को रात्रि गस्ती में थे। उन्हें सूचना मिली कि खूंटी बाजार टांड़ में लड़के अवैध हथियार के साथ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसकी सूचना एएसआई भगत ने वरीय पदाधिकारियों को दी. जिसके बाद टीम का गठन कर रात 12 बजे बाजार के पास वाहन रोककर बाजार टांड़ की घेराबंदी की गई। जब पुलिस टीम बाजार के अंदर गई, तो देखा कि मोबाइल की रोशनी जलाकर कुछ लड़के बैठे हुए थे। जैसे ही पुलिस की नजर उन पर पड़ी, सभी अपनी गाड़ी चालू कर भागने की कोशिश करने लगे, पर पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर तीनों को पकड़ लिया। उनके पास से एक लोडेड पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, बाइक और तीन मोबाइल फोन बरामद किया। इस संबंध में थाने में मामला दर्ज किया गया है। तीनों विधि विरुद्ध किशोरों को निरुद्ध जेजे बोर्ड भेजा गया है। वहीं, छापामारी टीम में खूंटी के थाना प्रभारी कामेश्वर कुमार, एसआई विश्वजीत ठाकुर, एसआई अजय कुमार भगत, एएसआई राम शंकर सिंह और खूंटी थाना के रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## पूर्व पीएम स्व राजीव गांधी की जयंती पर डीएवी में मनाया गया अक्षय उर्जा दिवस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को देश में कम्प्यूटर क्रांति के जनक एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत राजीव गांधी की जयंती पर अक्षय उर्जा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विज्ञान के शिक्षकों द्वारा अक्षय ऊर्जा के महत्व और भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत के रूप में गैर परंपरागत ऊर्जा के उपयोग एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया। एक अन्य कार्यक्रम में खेल से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका संचालन विज्ञान शिक्षक अमित कुमार घोष एवं धन्यवाद ज्ञापन सत्य प्रकाश तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में हंसराज हाउस प्रथम स्थान, विवेकानन्द हाउस द्वितीय स्थान और दयानंद हाउस तीसरे स्थान पर रहा। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों को बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की।

## डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का अयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शनिवार को शिशु, बाल एवं किशोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरिता और मंच संचालन अनिता कुमारी व अर्चना सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिभावकों ने किया। जिसके बाद स्वागत गीत छात्रा नेहा, पीहू, रिया एवं प्रतिज्ञा द्वारा प्रस्तुत किया गया। कुल 54 छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने मां यशोदा, राधा रानी, कृष्ण, ग्वाला, सुदामा, कंस, बलराम, देवकी, वसुदेव, रुकिमणी, सुभद्रा आदि रूपों में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में अरुण कक्षा के हर्ष-हर्षिका को प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान उदय एवं रिशुराज-आश्का, तृतीय स्थान शिवांश-चंदा तथा चतुर्थ स्थान सुर्यांश-प्रिया को दिया गया। सभी अभिभावकों ने इन बाल गोपालों को ढेर सारा प्यार और आशीर्वाद दिया। अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

## खलारी में बजरंग दल ने मनाया विहिप का 59वां स्थापना दिवस



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चूरी पूर्वी पंचायत के मानकी काली मंदिर, चूरी शिव मंदिर और मानकी एक नंबर में. कृष्ण जन्माष्टमी पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) का 59वां स्थापना दिवस मनाया गया। उपस्थित बजरंगदल रांची जिला सह संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने विहिप के स्थापना दिवस पर चर्चा करते हुए उपस्थित सभी लोगों को विहिप का इतिहास बताया। कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ही 29 अगस्त 1964 को विहिप की स्थापना हुई थी। संगठन का मुख्य उदेश्य हिन्दुओं को एकजुट करना और देश विदेश में रहने वाले सभी हिंदुओं को संपर्क कर उन में सनातन संस्कृति का बोध जगाना व धर्म से जुड़े रहने के लिए प्रेरित करना था। प्रखंड संयोजिका सुनीता महतो की पहल पर हर साल जन्माष्टमी का आयोजन किया जाता है। जिसमें उनकी सहयोगी संगीता देवी, फूल कुमारी, पिंकी कुमारी, पूनम कुमारी, कुसुम देवी, रुक्मणि देवी, सीमा देवी, देवन्ति देवी, सबिता देवी, संगीता देवी सुनीता देवी, सरोज तिर्कि, पार्वती देवी, पिंकी कुमारी, पूर्णिमा देवी, फुल कुमारी, गीता देवी, शीला कुमारी, सपना कुमारीस उदय सिंह और प्रखंड संयोजक दीपक वर्मा, आदि का सहयोग रहा।

## बचरा दक्षिणी पंचायत में ग्रामसभा का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में शनिवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत सचिव सुधीर कुमार सोडीक और संचालन मुखिया रीना देवी ने किया। खनन कंपनियों से क्षेत्र में विकास कार्य के लिए मिलने वाले डीएमएफटी कोष से बचरा दक्षिणी पंचायत में विकास कार्यों के चयन को लेकर इस ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें बचरा दक्षिणी पंचायत के सभी वार्ड एवं मोहल्लों के लिए प्राथमिकताओं के आधार पर योजनाओं का चयन किया गया। ग्रामसभा द्वारा चयनित योजनाओं में चार नंबर स्थित शिव मंदिर में विवाह भवन एवं जल मीनार, प्राथमिक स्वास्थ्य उप केंद्र, पुस्तकालय निर्माण, विभिन्न नाला एवं नालियों का निर्माण, पिलाई डैम का सुंदरीकरण, वनबीआर, अंबेडकर नगर, 172 कॉलोनी एवं बिशुझापा प्राथमिक विद्यालय का सुंदरीकरण, जीर्णोद्धार, चारदीवारी का निर्माण, खेलकूद के लिए पार्क में व्यवस्था आदि शामिल था। मुखिया रीना देवी ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए योजनाओं का चयन किया जा रहा है। चयनित सभी योजनाओं का स्थानीय ग्रामीणों से सहमति लिया जा रहा है। बैठक में पंचायत समिति सदस्य गजाला प्रवीण, किरण देवी, सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दाराद, अजय कुमार सिंह, उमेश मेहता, गीता एक्का, कृष्णदेव यादव, रामनंदन चंद्रवंशी, अनिल यादव, शिवमंगल गिरी, प्रवीन दराद, धीरेन्द्र शर्मा, अनिल यादव, दीपक कुमार, भीम पासवान आदि उपस्थित थे।

## प्रमुख सोनी तिग्गा ने एनके जीएम को सौंपा मांग पत्र

**खलारी।** प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने विश्रामपुर पंचायत स्थित जामुन दोहर गांव के ग्रामीणों को विस्थापित करने से संबंधित चार सूत्री मांग संबंधित एक पत्र एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार को सौंपा है। जिसमें जामुन दोहर गांव के ग्रामीणों को विस्थापित करने के लिए ग्रामीणों को तीन डिसमिल जमीन बंदोबस्ती करने आदि मांगें शामिल है।

## सीसीएल सुरक्षा सलाहकार समिति ने किया अशोक परियोजना खदान का निरीक्षण

# खदान एवं मजदूर सुरक्षा को लेकर सीसीएल गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल सुरक्षा सलाहाकार समिति के सदस्यो ने शनिवार को अशोक परियोजना के कोयला खदान का औचक निरीक्षण किया। टीम में एटक के जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो, विकास कुमार, आरकेएमयू के राजेश कुमार सिंह, सीटू के अरूण कुमार सिंह, सीसीएल सीकेएस के जेपी झा, आर इगनेश, शशिभूषण सिंह, जनता मजदूर संघ के रविंद्रनाथ सिंह, सीएमयू के खुशीलाल महतो और आईएसओ मनीष मोहन शामिल थे। पिपरवार पहुंचने पर समिति के सभी सदस्यों का पिपरवार जीएम सीबी सहाय ने स्वागत किया, जिसके बाद समिति के सदस्यों ने अशोक परियोजना कोयला खदान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोयला खदान में सुरक्षा से संबंधित बातों की जानकारी ली। समिति के सदस्यों ने अशोक परियोजना के पीट ऑफिस और बचरा संगम विहार क्लब में बैठक कर सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान खदान में प्रवेश करने वाले संगठित और अंसगठित मजदूरों को सुरक्षा कीट मुहैया कराने, समूचित लाईटिंग, शुद्ध पेयजल, हॉल रोड, मशीनों के रख-रखाव सहित अन्य कई मुददों पर चर्चा हुई। प्रबधंन द्वारा सुरक्षा को लेकर किये जा रहे कार्यो को प्रोजेक्टर स्क्रीन से समिति को जानकारी दी गई। इस दौरान सुरक्षा के प्रति मजदूरों को जागरूक करने के लिए समय-समय पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम और अभियान की समीक्षा की गई। बताया गया कि खदान एवं मजदूर सुरक्षा को लेकर सीसीएल सुरक्षा सलाहाकार समिति प्रत्येक माह सीसीएल के एक क्षेत्र का निरीक्षण करती है। इस बार पिपरवार एरिया के खदान का निरीक्षण किया गया है। इस मौके पर अशोका पीओ संजय कुमार, खान प्रबंधक एस सत्यानारायण, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषांग, सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी गोविन्दम सरकार, एसके सिंह, एससी सिन्हा, शंभू शरण प्रसाद, सतीश कुमार सिन्हा, राकेश रंजन, जगदीश मंडल, एसीसी सदस्य इस्लाम अंसारी, भीम प्रसाद मेहता आदि मौजूद थे।



बैठक करते सीसीएल सुरक्षा समिति के सदस्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### करकट्टा स्थित बंद खदान में लगातार बारिश से निकलने लगा है धुआं का गुब्बार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी क्षेत्र में 48 घंटों की बारिश से करकट्टा स्थित बंद खदान में दर्जनों जगहों से धुए का गुब्बार निकलने लगा है, जिससे खदान परिसर के चारों ओर खुले आसमान में धुंआ-धुआं दिखने लगा। खदान से निकलने वाले सीधे जहरीला धुंआ आसपास के घरों तक पहुंचने से लोगों को खांसी, आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी हो रही है। दूसरी ओर खिलान धौड़ा के पीछे भी धुआं निकलना जारी है। इसके अलावे किनारा कंपनी के पीछे बीजू शर्मा के घर के नजदीक जमीन धंस कर दरारें निकल आयी है। जिससे तेज धुआं निकलने लगा है। आसपास के लोगों ने बताया कि यह समस्या हमेशा बन जाती है। जबकि बरसात के दिनों में बारिश से ज्यादा परेशानी बढ़ जाती है।

### कर्रा में बारिश के ध्वस्त हुआ नहर पुल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कर्रा प्रखंड अंतर्गत बमरजा पंचायत को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला नहर पुल भारी बारिश के कारण ध्वस्त हो गया। इस कारण बमरजा और कर्रा का संपर्क टूट गया है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। गांव वालों का कहना है इस पुल के टूटने से बमरजा ग्राम वासियों के लिए भारी समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीण बताते हैं कि दो-ढाई वर्ष पहले पुल का निर्माण किया गया था। पुल का इस प्रकार टूटना ठेकेदार द्वारा किए गए काम की अनियमितता को दर्शाता है। पुल टूटने की जानकारी के बाद मुखिया अनूप कुजुर गांव वालों से मिले और स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुखिया से मांग की कि तत्काल पुल पार करने के लिए डायवर्सन की व्यवस्था की जाए। मुखिया ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को स्थिति की जानकारी देते हुए तत्काल कुद की जायेगी।

### पम्प, ट्रेक्टर, बागवानी के नाम पर किसानों से ठगी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रांची ज्रेडा की ओर से पीएम कुसुम कॉम्पोनेन्ट-बी योजनान्तर्गत खूंटी जिले में सिंचाई कार्य के लिए 265 किसान लाभुकों को सोलर पंपसेट की आपूर्त्ति और अधिष्ठापन किया जा रहा है। वर्तमान में कुछ अज्ञात ठगों द्वारा उक्त योजना के तहत जल्द से जल्द पंप, ट्रेक्टर, बागवानी आदि उपलब्ध कराने का प्रलोभन देकर ऑन लाइन राशि जमा करने की बात की जा रहा है। सूचना प्राप्त हुई है कि खूंटी जिले के कुछ किसान लाभुकों से ठगों द्वारा राशि ली जा चुकी है। जिला के सभी किसान लाभुकों से प्रशासन ने अपील की है कि ऐसे अज्ञात ठगों से बचें। प्रशासन ने कहा कि यदि ऐसे कोई भी अज्ञात नंबर से कॉल आता है, तो इसकी सूचना जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के फोन नंबर 8969187647 पर अविलंब उपलब्ध करायें।

### कलीम खान दूसरी बार बने मस्जिद ए अक्सा कमेटी के सदर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा स्थित मस्जिद ए अक्सा में सदर कलीम खान की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में पुरानी पुरानी मस्जिद कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। निर्वतमान सदर कलीम खान के पिछले कार्यों को देख कर लोगों ने फिर से एक बार मस्जिद के सदर की जिम्मेवारी कलीम खान को सौंपी। वहीं, सचिव के रूप में कुद्दुस रैन को निर्वाचित किया गया। महताब आलम को खजांची बनाया गया है। कमेटी की निगरानी के लिए आजाद खान, रोहित खान, इनायत खान, शाहिद अहमद, नासिर अहमद, नौशाद खान हबीबी और अताउल रहमान को चुना गया है।

### पिपरवार कोयलांचल में धूमधाम के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार व आस पास के ग्रामीण इलाकों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। बचरा सहित सभी ग्रामीण इलाकों के मंदिरों आदि में बाल गोपाल का जन्मोत्सव मनाया गया। बचरा चार नंबर शिव मंदिर, बाजारटांड़ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, राय कोलियरी, पुरानीराय, बेंती, बिलारी, किचटो, चिरैयांटांड़, बहेरा,कल्याणपूर, बुंडु आदि इलाकों के मंदिरों में देर रात तक विधिवत पूजा के बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। बचरा शिव मंदिर के पुजारी शिवनंदन पांडेय ने बताया कि हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी का विशेष महत्व है। कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को रोहिणी नक्षत्र में भगवान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इस दिन हर साल जन्माष्टमी मनाई जाती है। भगवान श्रीकृष्ण को भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना गया है। इधर पिपरवार के श्रमिक प्रतिनिधि भीम सिंह यादव के बचरा स्थित अशोक विहार आवास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

### खलारी में कुत्तों के काटने के मामले बढ़े, पीएचसी में दिये जा रहे एंटी रेबीज इंजेक्शन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों कुत्तो के काटने के मामले बढ़ रहे है। दो दिनों के अंदर करीब खलारी बाजारटांड़, केडी सहित अन्य जगहों पर आठ लोगों को कुत्तों ने काट लिया है। खलारी पीएचसी प्रभारी डॉ इरशाद ने बताया कि क्षेत्र में कुत्तों के काटने के मामले लगातार आ रहे। खलारी पीएचसी में लोग एंटी रेबीज का डोज लेने के लिए आ रहे है। बताया कि पीएचसी में दो दिनों में आठ लोगों को एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाया गया है। उन्होंने लोगों और खास तौर पर बच्चों को सड़कों पर घुमने वाले आवारा कुत्तों से बचने की सलाह दी है। साथ ही कहा कि जिन लोगों को भी कुत्तों ने काटा है उन्हे एंटी रेबीज के सभी इंजेक्शन लेना जरूरी है। पीएचसी में एंटी रेबीज की दवा उपलब्ध है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 21 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com
09

**परेशानी : विभिन्न प्रखंडों में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, विद्युत आपूर्ति बाधित**

# पेड़ गिरने से आवागमन बाधित, गांव की सड़कों पर भरा पानी, कच्चे घरों को पहुंचा भारी नुकसान

**अनगड़ा प्रखंड हेसल पंचायत के मासू गांव का संपर्क मुख्य मार्ग से कटा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





जोन्हा के समीप रांची-पुरूलिया मार्ग पर गिरा विशाल पेड़ पिस्का नगड़ी में गिरा पेड़ एवं कच्चा मकान





लापुंग, चान्हो में गिरा पेड़ एवं रातू में आंधी से उड़ी घर की छप्पर

**अनगड़ा।** लगातार हो रही बारिश से प्रखण्ड का जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश से रांची-पुरूलिया मार्ग पर दर्जनों पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गए। सड़कों पर पेड़ गिरने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जोन्हा में संतोष साहू के मकान के समीप आम का एक विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से पेड़ को काटकर हटाया गया तथा आवागमन चालू किया गया। बताया गया कि भारी बारिश से प्रखंड के कई पंचायत क्षेत्रों में दर्जनों की संख्या में कच्चे मकान गिर गए। कई लोग बेघर हो गए हैं। वहीं लगातार बारिश से विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में जगह-जगह जल जमाव हो गया है। जल जमाव के कारण ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें कीचड़ में तब्दील हो चुकी हैं। रांची-पुरूलिया सड़क पर मिलन चौक से मंझिलाटोली मासू जाने वाली सड़क की हालत तो बद से बदतर हो चुकी है। पहले से अति जर्जर यह सड़क पूरी तरह तालाब में तब्दील हो चुकी है। ग्रामीणों की आवाजाही बंद हो चुकी है बल्कि यह कहें कि मासू गांव के लोग अपने घरों मे कैद हो चुके हैं। पेड़ और मकान गिरने से जान-माल के नुकसान की अभी तक कोई सूचना नहीं है, लेकिन वर्षा के कारण बेघर हुए प्रभावित परिवार प्रशासन से सहायता की उम्मीद लगाए हुए हैं।

## रातू

प्रखंड में दो दिनों से आ रही बारिश के बीच आये आंधी-तूफान ने रातू के विभिन्न इलाकों में भारी तबाही मचाई है। रातू के सुंडिल व चटकपुर पंचायत में दर्जनों घरों के छप्पर व एसबेस्टस उड़कर चकनाचूर हो गये। छप्पर उड़ के गिरने के कारण सुंडिल नवासोसो सुन्दर नगर धाम कॉलोनी के रहने वाली एक महिला का पैर बुरी तरह से जख्मी हो गया। परिवारवालों ने उसे चौधरी नर्सिंग अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं तूफान की चपेट में नवासोसो सुन्दर नगर कालोनी के रहने वाले तिलक प्रजापति, ललन साव, जितेंद्र शर्मा एक सिपाही का घर के अलावा किराये में दे रखे एक जज का भी घर आंधी की चपेट में आ गया। आंधी तूफान की चपेट में आये परिवारवालों ने बताया कि वे अपने एस्बेस्टस के घर में परिवार वालों के साथ दुबके हुए थे, तभी कुछ सेकेंड के लिए बहुत ही रफ्तार के साथ आयी आंधी ने उसके घर के छप्पर को उड़ा लिया। इसके कारण घर में रखे समानो को काफी नुकसान पहुंचा है। छप्पर उड़ने से बेघर हुये परिवारवालों ने दूसरे के घर में शरण ली है। कई लोगों को खुले आसमान के नीचे बच्चों के साथ गुजारना पड़ रहा है। अचानक आये आंधी तूफान से ग्रामीण क्षेत्रों में काफी नुकसान हुआ है। जन जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। खेतों में लगे किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गयी हैं। घटना में नुकसान का आकलन करने न तो पंचायत प्रतिनिधि पहुंचे न ही सरकारी अधिकारी।

## पिस्कानगड़ी

प्रखंड में लगातार दो दिनों से हो रही वर्षा से जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया। इसके कारण प्रखंड के नगड़ी, देवरी, नारो, एडचोरो, साहेर, चिपरा, सपारोम, कुदलोंग बलालोंग, उत्तरी दक्षिणी टुंडूल, लालगुटवा और चेटे पंचायत के दर्जनों गांवों सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में कई गरीब असहाय लोगों के कच्चे घर गिर गये हैं और कई घरों में तो बड़े बड़े पेड़ गिर गये। जिसे उनका घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ। तेज आंधी और वर्षा से क्षेत्र साहेर, डोकाटोली, सरना टोली, हरही, चिपरा गांव के हजारों किसानों के सैकड़ों एकड़ खेतों में लगे ईख का पौधा जमीनदोज हो गया। जिससे किसानों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। वहीं शनिवार की सुबह से ही हवा के साथ वर्षा जारी है। इससे लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाये। लगातार हो रही वर्षा से कामकाजी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। घरों के आंगन और खेत तालाब में तब्दील हो गए। वहीं शनिवार को तेज हवा से नारो उरांव टोली के जाफर अंसारी का घर, साहेर डोमटोली निवासी रविन्द्र महली, सरनाटोली के किसान दुर्गा महतो, देवरी पंचायत के कुड़लाटोली निवासी रघुनंदन सिंह, लद्दा गांव के किसान अजित तिर्की, पलांडू गांव के किसान सोमरा मुंडा, कांटाटोली के साबिर अंसारी, नगड़ी निवासी पुजारी शशि भूषण पाठक का घर गिर गया। इसके अलावे नगड़ी थाना क्षेत्र के कई गांवों में जगह जगह बिजली के पोल और तार गिर गये हैं। जिसे बिजली विभाग के कर्मी बनाने में जुट गये हैं। इधर वर्षा और तेज हवा से प्रभावित लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधि से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## लापुंग

लापुंग प्रखंड में दो दिन से लगातार हो रही बारिस के कारण जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नदी नाले उफान पर हैं। कारो नदी पहली बार भर गयी है। खेत में पानी भर गया है। हालांकि इससे किसानों में खुशी है कि बाकी बची रोपनी का कार्य पूरा हो जायेगा। बिचड़ा लगाए लगभग 45 से 60 दिन का हो गया है। बारिश से फतेहपुर तीजो देवी व ठाकवा मुंडा के घर सागवान का पेड़ गिर गया। हालांकि किसी की जान माल की क्षति नहीं हुई है।

## चान्हो

पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। क्षेत्र में जगह जगह पेड़ों के गिरने की खबर है। वहीं कुछ जगहों पर लोगों के घर भी धंसने की खबर है। पेड़ घरों में गिर जाने से कई लोग चोटिल भी हुए हैं। साथ ही साथ ही कई जगह पर बिजली के तार के ऊपर ही पेड़ की डालियां गिर गई हैं जिससे दिनभर बिजली सेवा भी ठप रही। खबर मिलने पर क्षेत्र का दौरा कर अंचलाधिकारी जफर हसनात ने क्षति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जल्द ही पीड़ितों को मुआवजा दी जाएगी। वहीं बलसोकरा के पाहन टोली में कैलाश मुंडा के घर के ऊपर पेड़ गिर जाने से कैलाश मुंडा चोटिल हो गए हैं। दूसरी तरफ प्रखंड के चोरिया गांव में इजहार अंसारी और नसीम अंसारी के घर के ऊपर पेड़ गिर गया है। जिससे उनके घर को काफी क्षति हुई है। साथ ही रोल में मोतीराम के घर के ऊपर भी पेड़ गिर गया है। जिससे उनका घर क्षतिग्रस्त हो गया है। जोरदार बारिश से एक तरफ जहां धान की खेती का फायदा हुआ है वहीं दूसरी तरफ सब्जी फसल की खेती को भारी नुकसान हुआ है। चान्हो अंचल अधिकारी जफर हसनात ने भी कई पंचायतों का दौरा कर नुकसान का हाल जाना। पीड़ित परिवार को अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करने को कहा। सरकारी मुआवजा देने की भी बात कही।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रगति महिला समूह ने रैली निकालकर जश्न ए आजादी को किया सेलिब्रेट



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे अमृत महोत्सव के तहत प्रगति महिला समूह द्वारा गोंदलीपोखर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख जगन्नाथ साहू उपस्थित थे। मौके पर प्रगति महिला समूह के सदस्यों ने गोंदलीपोखर में तिरंगा रैली निकाली। रैली का नेतृत्व केशरवानी वैश्व समाज संघ के सीताराम केशरी कर रहे थे। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम आदि नारों से पूरा माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में प्रगति महिला समूह की संगठनकर्ता नूतन केशरी, अध्यक्ष नेहा केशरी, सचिव शारदा केशरी, कोषाध्यक्ष अनपुर्णा केशरी, नीरज केशरी, सरस्वती, संगीता, अंजु, पूनम केशरी आदि शामिल थे।

### यूनियन बैंक की इटकी शाखा में ऋण वसूली शिविर का आयोजन

**इटकी (आजाद सिपाही)।** यूनियन बैंक की इटकी शाखा द्वारा शनिवार को ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। खराब मौसम के कारण खाता धारक कम उपस्थित हुए। इसमें 41 ऋणधारकों का निपटारा व पांच एसएचजी खाताधारकों के बीच ऋण का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक ज्ञाना रंजन सारंगी ने उपस्थित लोगों से ऋण लेने व उसे वापस करने की आदत अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में बैंक की क्षेत्र प्रमुख सोनालिका, क्षेत्र उप प्रमुख उमेश कुमार, पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, शाखा प्रबंधक रोबाब नगमा व शशांक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### द्वारिका हॉस्पिटल महिलौंग में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिल्वे पुरुलिया रोड स्थित द्वारिका हॉस्पिटल महिलौंग मे रविवार को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया जायेगा। शिविर में द्वारिका हॉस्पिटल के जेनरल फिजिशियन डॉक्टरों के द्वारा जांच, बच्चों के लिये डॉ एंटोनी किस्को (नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ) के द्वारा जांच व इलाज किया जायेगा। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ एसके निराला ने बताया कि हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत योजना के तहत हाइड्रोसील, बवासीर, पथरी, किडनी की पथरी का ऑपरेशन बिल्कुल मुफ्त होता है।

### पीड़ितों को उचित मुआवजा जल्द मिले : आशुतोष तिवारी

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्य आशुतोष तिवारी ने चान्हो प्रखंड क्षेत्र का दौरा कर बारिश से हुई क्षति का जायजा लिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि हमारा क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। किसानों के नुकसान होने से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था काफी बिगड़ जाती है। इसलिए सरकार क्षति का आकलन करके मुआवाजा राशि जल्द से जल्द दे।

### पांच परगना क्षेत्र में लगातार बारिश से परेशानी बढ़ी लेकिन किसानों में हर्ष व्याप्त

**तमाड़/मरधान (आजाद सिपाही)।** पूरे पंच परगना क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। जिस कारण जन-जीवन काफी अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के साथ तेज हवा चलने के कारण कई जगहों पर पेड़ गिर गये हैं। कई इलाकों में पानी घूस गया है। मूसलाधार बारिश के कारण नदी, नाले, तालाब, कुएं के साथ ही खेत भी लबालब भर गये हैं। इससे एक तरफ किसान खुश हैं। वहीं दूसरी ओर जलजमाव के कारण परेशानी भी हो रही है। पीने के पानी के लिए दिक्कतें हो रही हैं। साफ पानी मिलना मुशकिल हो गया है। जहां पानी जमा है वहां मच्छर व मक्खी भनभना रहे हैं। लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आयी है और मौसम सुहाना हो गया है। किसान धान रोपाई में लग गए हैं। गांवों की सड़कों के गड्ढों में भरे पानी के कारण दोपहिया वाहन व छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल जाते समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्ची सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। बारिश से मिट्टी के घरों को नुकसान पहुंच रहा है। बारिश का पानी जमा होने से बिमारी की आशंका से इनकार नही किया जा सकता है। थोड़ी सी बारिश होते ही सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है और कई-कई दिनों तक सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। बारिश के कारण बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से भी लोगों को और परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### बेड़ो क्षेत्र में बारिश से कई पेड़ व कच्चे घर गिरे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही झमाझम वर्षा से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं शनिवार की सुबह से ही हवा के साथ वर्षा जारी है। इससे लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। लगातार हो रही वर्षा से कामकाजी लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। घरों के आंगन और खेत तालाब में तब्दील हो गए। वहीं तेज हवा से प्रखंड के डुमर दोनगांव में सनतन बड़ाईक एस्बेस्टस का घर उड़ गया, फादिल मर्चा गांव निवासी गोपाल महतो के आदि खेत में, भसनन्दा गांवके बस्ती में एलटी लाइन के तार व बेड़ो महावीर चौक निवासी नरेश प्रसाद सोनी के मकान के ऊपर एक विशालकाय पेड़ के गिरने काफी नुकसान हुआ है। लगातार बारिश के चलते किसानों को भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है खेतों में लगी सब्जी की फसल जलमग्न हो गयी है। साथ ही उन्हें मवेशियों के लिए चारा को लेकर काफी दिक्कतें हो रही हैं। बारिश से बेड़ो बस्ती, स्कूल रोड, देवी मंडप के रास्ते में जगह-जगह जलभराव लोगों के लिए मुसीबत बना है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। वहीं बिजली के नहीं रहने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। लगभग पूरे दिन हुई वर्षा के चलते सब्जी मंडी व रांची गुमला मुख्य मार्ग सहित अन्य मार्गों पर आमतौर पर सन्नाटा पसरा रहा।

# टाटीसिलवे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व




**दोगोला कार्यक्रम का आयोजन**

**राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने किया उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नामकुम।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पूजा समिति टाटीसिलवे के बैनर तले शुक्रवार को टाटीसिलवे गायत्री मंदिर के समीप कृष्ण जन्माष्टमी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पितांबर दास, संचालन विमल यादव व धन्यवाद ज्ञापन विजय यादव ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ मांझी व विशिष्ट अतिथि झारखंड रत्न डॉ एसएन यादव, समाजसेवी राजदेव सिंह यादव, वाईबीएन यूनिवर्सिटी से रामजी यादव, रंजन यादव, संजय सिद्धार्थ घोष, पूर्व प्राचार्य आर्य, भी चौधरी, गौरी शंकर सिंह यादव के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर महुआ मांझी ने कहा कि दोगोला गायन पारंपरिक गायन पद्धति की जीवंत प्रस्तुति है। इसके माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ आपसी प्रेम व सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। राजदेव सिंह यादव ने कहा कि दोगोला में गीत संगीत के माध्यम से लोक संगीत की परंपरा कायम रहती है। इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है। अतिथियों का स्वागत फूल माला, शॉल व श्री कृष्ण अंग वस्त्र देकर किया गया। वहीं दोगोला कार्यक्रम में बक्सर (बिहार) से आये व्यास रामाशंकर सिंह और अरवल (बिहार) से आये व्यास गुड्डू हलचल के बीच दोगोला गायन का शानदार मुकाबला हुआ। दोनों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रोता रात भर गीत संगीत पर झूमते नजर आये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष पितांबर दास यादव, महासभा अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार यादव, कामता प्रसाद यादव, जयप्रकाश यादव, आनंद कुमार, राजदेव यादव, जंग बहादुर यादव, राजकिशोर यादव, आरके यादव, शैलेंद्र कुमार, अमित रंजन का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रखंड स्तरीय स्वच्छ ऊर्जा समिति का गठन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**तमाड़ प्रखंड के सभी मुखिया से आदर्श पंचायत एवं स्वच्छ ऊर्जा ग्राम बनाने को लेकर की गयी चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड कार्यलय सभागार में लीड्स संस्था द्वारा रेस परियोजना के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वच्छ ऊर्जा समिति का गठन एवं सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ डीपीएम शालिनी लकड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएम अजय कच्छप के द्वारा किया गया। कुलदीप मेहता के द्वारा क्लीन एनर्जी के कार्यों की जानकारी दी गयी। जिसमें आदर्श पंचायत एवं स्वच्छ ऊर्जा ग्राम बनाने पर तमाड़ प्रखंड के मुखियाओं के पास विचार रखा गया। क्लीन एनर्जी एक्सपार्ट अमित कुमार द्वारा पांच साल का सरकारी सोलर एनर्जी योजना की जानकारी दी। तकनीकी एक्सपर्ट कुलदीप मेहता द्वारा रेस परियोजना द्वारा चल रहे तीन साल के कार्यक्रमों के बारे जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ गिरिजा शंकर महतो, प्रखंड प्रमुख एवं उप प्रखंड प्रमुख उपस्थित थे। तमाड़ प्रखंड के पंचायत वीरगांव के पंचायत समिति सदस्य दानी सिंह महतो एवं तमाड़ पश्चमी की मुखिया प्रमिला कुमारी ने अपने पंचायत की जानकारी दी।

मौके पर रेस परियोजना की पूरी टीम संचार प्रबंधक निशा त्रिपाठी, कुलदीप मेहता, अमित कुमार, डीपीएम शालिनी लकड़ा, बीसी अजय कच्छप, सीएम शैलेश मिंज, धर्मेन्द्र टोप्पो एवं सुशील लकड़ा और डॉक्टर श्यामा प्रसाद कॉलेज के छात्र उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : अनगड़ा में जनजातीय समाज के युवक-यवतियों का 55 दिवसीय आवासीय कौशल विकास का प्रशिक्षण शुरू**

# आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षित कर सशक्त बनाना उद्देश्य : समीर उरांव

**देश भर से चुनकर आये 210 युवक प्रशिक्षण में हैं शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** संसदीय संकुल विकास परियोजना के तहत जोन्हा स्थित सेवा भारती परिसर में शनिवार से देश भर से चुनकर आये 210 जनजातीय समाज के युवक-यवतियों का 55 दिवसीय आवासीय कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इसका उदघाटन के मौके पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री बी. सतीश, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, गुरुशरण प्रसाद, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र सिंह, खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जैलेंद्र कुमार, एनएसडीसी के भावना वर्मा, अनिल बाल शंकर, आशीष भावे, पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, गोपाल सिंह, सिद्धार्थ त्रिपाठी, ऋषि पांडे आदि शामिल हुए।

मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के 250 जनजातीय युवक 55 दिनों का कौशल विकास का प्रशिक्षण लेंगे। इन्हें बिजली मिस्त्री राजमिस्त्री, पलंबर मिस्त्री, सोलर पैनल मरम्मत, कंप्यूटर, बाइक रिपेयरिंग, जैविक खेती और मशरूम की खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौके पर समीर उरांव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षण देना और उन्हें सशक्त बनाना, रोजगार के अवसर पैदा करना तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करना है।

जैलेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकार ग्रामीण युवाओं को अधिक अवसर प्रदान करने तथा स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कौशल को एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में प्राथमिकता दे रही है।

